# 40 वर्ष की सेवा में नहीं मिली क्रमोन्नति

## प्रदेश राज्य सहकारी फेडरेशन व दुग्ध संघ से हाईकोर्ट ने किया जवाब तलब

**जबलपुर, 22 दिसंबर. चालीस साल की सेवा के उपरांत भी एक भी क्रमोन्नति का लाभ नहीं दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी.**



याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट जस्टिस एम एस भट्टी की एकलपीठ ने प्रदेश राज्य सहकारी फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर तथा जबलपुर दुग्ध संघ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिका पर अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है.जबलपुर के चेरीताल क्षेत्र निवासी त्रिलोकी नाथ पांडे की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि दुग्ध संघ पनागर जबलपुर में अप्रैल 1981 में कॉपरेटिव एक्सटेंशन असिस्टेंट पर नियुक्त हुए थे. इसके बाद वह प्रदेश के विभिन्न स्थानों में पदस्थ रहते हुए सेवा प्रदान करते रहे. उन्हें सेवाकाल के दौरान कई प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए थे. सेवाकाल के दौरान उन्हें कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गयी. इसके अलावा आरोप-पत्र भी जारी नहीं किये गये. याचिका में कहा गया था कि नियमानुसार उन्हें दस साल, बीस साल, तीस साल तथा चालीस साल की सेवा पूरी करने पर क्रमोन्नति का लाभ प्रदान किया जाना चाहिए था. इस संबंध में उन्होंने सेवाकाल के दौरान संबंधित अधिकारियों को अभ्यावेदन भी दिये थे. संबंधित अधिकारियों के द्वारा उन्हें अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया गया. चालीस साल तक सेवा देने के बाद वह जुलाई 2021 में सेवानिवृत्त हो गये. याचिका में राहत चाही गयी है कि उन्हें 20 प्रतिशत ब्याज सहित एरियर की राशि प्रदान की जाये.

> एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिका पर अगली सुनवाई 27 जनवरी को निर्धारित की गयी है. याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता नर्मदा प्रसाद चौधरी तथा अधिवक्ता तथा अधिवक्ता अमित कुमार चौधरी ने पैरवी की.

## कांग्रेस ने नई योजना के बिल की प्रतियां जला कर दर्ज कराया विरोध

**खरगोन.** महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में बदलाव करने के बाद कांग्रेस लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है. सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने आक्रोश रैली निकाली. एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर नए बिल की प्रतिकात्मक प्रतियां जलाई. मनरेगा का नाम बदलने से संबंधित प्रस्ताव या विधेयक को तत्काल निरस्त करने की मांग की. जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाईक ने मनरेगा की जगह केंद्र सरकार जिस मनरेगा कानून को बदलकर नई योजना विकसित भारत गारंटी का रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण (जी रामजी) को ला रही है, जो की निश्चित तौर पर गरीब मजदूर वर्ग के हितों के खिलाफ है.

# सुधारात्मक गतिविधियों के लिए दिए निर्देश

- न्यायमूर्ति ने जिला न्यायालय व जेल का किया भ्रमण



**सीधी, 22 दिसंबर. उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर के पोर्टफोलियो न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने जिले के प्रवास के दौरान जिला न्यायालय सीधी एवं जिला जेल सीधी का भ्रमण किया.**

इस अवसर पर न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा के साथ मानवीय मूल्यों, सुधार और संवेदनशील दृष्टिकोण पर विशेष जोर दिया गया. जिला न्यायालय सीधी के भ्रमण के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर द्वारा न्यायमूर्ति को जिला न्यायालय की संपूर्ण न्यायालयीन कार्यप्रणाली, न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण की प्रगति के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया. न्यायमूर्ति श्री सिंह ने जेल प्रशासन को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा बंदियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास एवं सुधारात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु निर्देश दिए. न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईश्वर ने प्रत्येक व्यक्ति के लिए जीवन में एक भूमिका निर्धारित की है. किसी को न्यायाधीश, किसी को प्रशासक, किसी को अन्य दायित्व सौंपे गए हैं. कुछ परिस्थितियों में व्यक्ति जीवन की कठिन राहों पर भी पहुंचता है, परंतु हर परिस्थिति अपने साथ आत्मचिंतन, आत्ममूल्यांकन एवं आत्मसुधार का अवसर लेकर आती है.

# 11 .30 लाख रुपए का मांझा किया जब्त

**पुलिस ने 38 आरोपी पकड़े, 27 प्रकरण दर्ज**

**दुकानों व गोदामों पर ताले, 20 पर जिलाबदर की तैयारी**

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 22 दिसंबर. पुलिस ने प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझे की बिक्री और भंडारण के खिलाफ सख्त एक्शन लिया है. शहरभर में लगातार की जा रही चेकिंग के बाद 38 आरोपियों पर कार्रवाई की गई.**

पुलिस ने 11 लाख से अधिक का अवैध मांझा जब्त कर दुकानों गोदामों को सील कर दिया, वहीं कई आरोपियों पर जिलाबदर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है. पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर चाइनीज़ मांझे की खरीद फरोख्त में शामिल लोगों पर शिकंजा कसा है. मामले में अधिकारियों का कहना है कि नायलॉन और चाइनीज़ मांझा बेहद खतरनाक होता है और इससे वाहन चालकों, राहगीरों तथा पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा रहता है. शासन द्वारा इस मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद कई व्यापारी चोरी छिपे इसका व्यापार कर रहे थे. चारों ज़ोन के डीसीपी के मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न इलाकों में लगातार निगरानी और दबिश दी. जांच के दौरान 38 आरोपियों के खिलाफ 27 मामले दर्ज किए हैं.

**28 कार्टून पकड़े**

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि इनके खिलाफ बीएनएसएस की धाराओं में कार्रवाई की. इस दौरान पुलिस ने लगभग 11 लाख 30 हजार रुपए के 28 कार्टून और 1158 रोल प्रतिबंधित मांझा जब्त किए हैं. अवैध भंडारण वाली दुकानों और गोदामों को भी सील कर दिया गया है. मामले में अधिकारियों का कहना है कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री में शामिल 20 आरोपियों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई शुरू की जा रही है. आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और मांझा बेचने वालों पर लगातार नजर रखी जाएगी.

## 15 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ पुलिस ने 2 को किया गिरफ्तार

**जावरा, 22 दिसंबर.** ढोढर चौकी पुलिस ने 15 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ 2 लोगो को पकड़ा. चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी ने बताया कि मुखबिर की सूचना अनुसारी रविवार रात दो व्यक्ति पल्सर गाड़ी पर जावरा तरफ एमडी ड्रग्स लेकर जाने वाले हैं जिस पर उन्होंने एसडीओपी संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में टीम का गठन किया और फोरलेन पर बरखेड़ी फंटा के यहां पर घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताई गई पल्सर गाड़ी को रोका और उस पर सवार व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम अफरोज खां बताया है.

# एमजीएम कॉलेज में रैगिंग के आरोप जांच में झूठे निकले

- एंटी रैगिंग कमेटी की जांच रिपोर्ट आई

**इंदौर,22 दिसंबर. एमजीएम कॉलेज में जूनियर छात्रों द्वारा लगाए गए रैगिंग और प्रताड़ना के आरोपों को कॉलेज प्रशासन ने खारिज कर दिया है.**



डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने जांच रिपोर्ट के आधार पर कहा कि शिकायत फर्जी है. एंटी रैगिंग कमेटी ने सीनियर और जूनियर दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए, लेकिन किसी ने आरोप स्वीकार नहीं किया. कॉलेज प्रशासन का कहना है कि मामला आपसी मनमुटाव का लग रहा है. दो दिन पहले मेडिकल कॉलेज को एक बेनामी शिकायत मिली थी, जिसमें जूनियर छात्रों ने आरोप लगाया था कि सीनियरों ने उन्हें निजी फ्लैट में बुलाकर मारपीट की, धमकाया और शराब पिलाने का दबाव बनाया. शिकायत में यह भी लिखा था कि सीनियरों ने नाचने के लिए मजबूर किया. इस पत्र में पहले रैगिंग मामले में निलंबित किए जा चुके दो छात्रों की भी भूमिका बताई गई थी. शिकायत मिलते ही कॉलेज प्रशासन ने एंटी रैगिंग कमेटी को जांच सौंपी.

> कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि आरोप तथ्यहीन हैं और प्रथम दृष्टया यह शिकायत व्यक्तिगत विवाद या आपसी मनमुटाव का परिणाम लगती है. डीन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को बताया कि जूनियर छात्र बयान देते समय घबराए हुए जरूर दिखे, लेकिन रैगिंग की किसी घटना को साबित नहीं कर पाए. बेनामी शिकायत में लिखी बातें भी जांच में उजागर नहीं हुईं. उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन मामले को गंभीरता से ले रहा है और जांच अब भी जारी है.



## सहकारिता, खेल मंत्री ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**छिंदवाड़ा.** सांसद खेल महोत्सव का पोला ग्राउंड में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग जिलेभर से चयनित विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. इसके साथ ही जिले का नाम खेलों के क्षेत्र में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली विभूतियों का भी सम्मान किया. सांसद खेल महोत्सव में जिले से 1 लाख 85 हजार प्रतिभागियों ने 35 से अधिक खेल स्पर्धाओं में पंजीयन कराया. इतने बड़े स्तर पर पंजीयन के साथ जिला देश में सातवें स्थान पर तथा मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा.

# खाद व बिजली समस्या को लेकर विरोध

**परेशान हजारों किसान कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल हुए**

**सैलाना, 22 दिसंबर. खाद और बिजली सहित अन्य समस्या को लेकर आयोजित कांग्रेस के धरना प्रदर्शन में विधानसभा क्षेत्र के हजारों किसान शामिल हुए. रैली के रूप में सभी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और धरना देकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा.**



जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत के नेतृत्व में सोमवार को किसानों की समस्याओं को लेकर नगर में विरोध प्रदर्शन हुआ. दिलीप मार्ग खांकी हनुमान मंदिर से निकली रैली मुख्य मार्ग से होती हुई एसडीएम कार्यालय पहुंची. किसानों की भीड़ से एसडीएम परिसर छोटा पड़ता नजर आया.

यहां श्री गेहलोत ने प्रशासन से किसानों की समस्या को गंभीरता से लेने को कहा. उन्होंने प्रशासन को चेताते हुए खाद, बिजली समस्या का त्वरित समाधान करने का कहा. श्री गेहलोत ने कहा कि आज का प्रदर्शन महज सचेत करने के लिए है. समस्या का निदान नहीं होने पर कांग्रेस जिले में और भी बड़े प्रदर्शन करेंगी. धरने को डीपी धाकड़, वीरेंद्र सोलंकी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित किया. धरने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने राज्यपाल के नाम एसडीएम तरुण जैन को ज्ञापन सौपा.

### एक नजर में

## मप्र को 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड'

**इंदौर, 22 दिसंबर.** मध्यप्रदेश ने विद्युत ट्रांसमिशन के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है. मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) को वेस्टर्न रीजन में सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस दर्ज करने के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है. इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एमपी ट्रांसको के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुरस्कार प्रदेश की मजबूत ट्रांसमिशन व्यवस्था, तकनीकी दक्षता और सतत सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रतिफल है. उन्होंने कहा कि न्यूनतम ट्रांसमिशन लॉस के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त इस प्रतिष्ठित मंच से एमपी ट्रांसको की ओर से कार्यपालन अभियंता श्री लोकेश द्विवेदी ने यह सम्मान प्राप्त किया .जिसे पावर सेक्टर की अंतरराष्ट्रीय मैगज़ीन 'पावर लाइन' द्वारा स्थापित किया गया है जिसका उद्देश्य भारतीय ट्रांसमिशन सेक्टर में प्रदर्शन करने वाली पावर यूटिलिटीज़ को प्रोत्साहित करना है.

## अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, ईंट भट्टे हटाए



**मंदसौर, 22 दिसंबर.** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के अभियान के तहत सोमवार को प्रशासन द्वारा अलावदा खेड़ी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से संचालित ईंट भट्टों पर कार्रवाई की गई. नगर पालिका की टीम पुलिस बल एवं भारी संसाधनों के साथ मौके पर पहुँची और अतिक्रमण मानते हुए ईंट भट्टों को हटाने की कार्रवाई शुरू की. प्रशासन के अनुसार इन ईंट भट्टों को लेकर लंबे समय से शिकायतें प्राप्त हो रही थीं. स्थानीय नागरिकों का कहना था कि भट्टों से निकलने वाले धुएँ, गंदगी एवं प्रदूषण के कारण पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा था, जिससे आसपास रहने वाले लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे थे. इन्हीं शिकायतों के आधार पर कार्रवाई का निर्णय लिया गया. कार्रवाई के दौरान मौके पर विरोध के स्वर भी देखने को मिले. ईंट भट्टों से जुड़े मजदूरों एवं स्थानीय लोगों की बड़ी संख्या एकत्र हो गई. उनका कहना था कि इन भट्टों से कई गरीब परिवारों की रोजी-रोटी चलती थी और अचानक की गई इस कार्रवाई से उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है. मौके पर मौजूद महिलाओं की आँखों में आँसू नजर आए. कई महिलाओं ने प्रशासन के समक्ष हाथ जोड़कर कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई, लेकिन प्रशासन की जेसीबी मशीनें पुलिस बल की मौजूदगी में बिना रुके भट्टों को ध्वस्त करती रहीं. प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत की गई है.

## पुलिस ने लापता बालक को परिजनों को सौंपा

**रतलाम.** पुलिस ने ढूंढा 4 वर्षीय लापता बालक, परिजनों के किया सुपूर्द रतलाम. घर से लापता हुए बालक को माणक चौक थाना पुलिस की तत्परता से ढूंढ लिया गया. सोमवार को 4 वर्षीय बालक अमलतास कॉलोनी सुबह लापता हो गया था. जिसकी सूचना फरियादी बालक के पिता द्वारा थाना माणकचौक पर दी गई. सूचना मिलते ही थाना माणकचौक पुलिस द्वारा तत्काल बालक की तलाश प्रारंभ की गई. सघन खोजबीन के दौरान बालक को घास बाजार क्षेत्र से अकेले बैठा मिला. बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिनके द्वारा पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया गया.

# कुंडली दोष के नाम पर 6 .20 लाख की ठगी

- इंस्टाग्राम पर विज्ञापन से ठगों के जाल में फंसा इंजीनियर
- क्राइम ब्रांच ने वे तीन बैंक खाते फ्रीज कराए

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 22 दिसंबर. इंस्टाग्राम पर विज्ञापन देखकर भरोसा करना एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को भारी पड़ गया. कुंडली में दोष बताकर हवन पूजा कराने का लालच देकर युवक से 6 लाख 20 हजार रुपए की ठगी कर ली गई.**

शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने तीन बैंक खातों को ब्लॉक करा दिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि 24 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एक निजी आईटी कंपनी में काम करता है. वह निजी और प्रोफेशनल दबाव में था. इसी दौरान उसने इंस्टाग्राम पर एक एस्ट्रोलॉजर का विज्ञापन देखा, जिसमें समस्याओं के समाधान का दावा किया गया था. विज्ञापन पर दिए नंबर पर कॉल करने के बाद बातचीत शुरू हुई और युवक ने अपनी चिंताएं साझा कर दीं. आरोपी ने खुद को बाबा और एस्ट्रोलॉजर बताते हुए इंजीनियर की कुंडली में गंभीर ग्रह दोष होने की बात कही. उसने कहा कि यदि हवन और पूजापाठ और विशेष अनुष्ठान कराया जाए तो सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी. धीरे धीरे भरोसा जीतने के बाद आरोपी ने अलग अलग तारीखों और बहानों से युवक से कई भुगतान कराए.

> भरोसे में आए पीड़ित ने कथित बाबा द्वारा बताए अलग-अलग तीन बैंक खातों में 6 लाख 20 हजार रुपए जमा करा दिए. लेकिन, न पूजा हुई और न समस्याओं का समाधान. इसके बाद आरोपी ने बात करना बंद कर दिया. युवक को ठगी का शक हुआ तो क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई. क्राइम ब्रांच ने तीनों बैंक खातों को ब्लॉक करा दिया. एडीसीपी का कहना है कि ट्रांजेक्शन और बैंक डिटेल्स के आधार पर नेटवर्क और आरोपियों की पहचान की जा रही है. पुलिस अब कॉल रिकॉर्ड, सोशल मीडिया लिंक और पैसों के प्रवाह के जरिये आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है.

# रिश्वतखोर सीजीएसटी अधिकारी की रिमांड खत्म, भेजे गए जेल

**जबलपुर, 22 दिसंबर. सीबीआई ने सोमवार को रिमांड खत्म होने पर रिश्वतखोर सीजीएसटी अधिकारियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है.**

रिमांड के दौरान सीबीआई ने अधिकारियों से लंबी पूछताछ की है. इसके अलावा जांच के नाम पर रिकवरी, टैक्स पर कारवाई का डर दिखाकर अब तक उन्होंने कितनों को शिकार बनाया और इसमें और कौन-कौन शामिल है समेत अन्य बिन्दुओं पर भी खोजबीन की गई, जांच में नई जानकारियां सीबीआई को हाथ लगी जिस पर जांच पड़ताल जारी है. विदित हो कि होटल संचालक विवेक त्रिपाठी ने सीबीआई जबलपुर में शिकायत कर बताया था कि वे सतपुरा इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड जबलपुर के निदेशक हैं और जबलपुर में उनके चार होटल हैं. वर्ष 2018-19 में उनके होटल, सुकून सिटी व्यू का ओयो कंपनी के साथ संबद्धता थी. ओयो कंपनी से संबंधित जीएसटी का मामला सीजीएसटी कार्यालय में लंबित है और करों के बकाया के लिए नोटिस भेजा था. सीजीएसटी विभाग ने उनसे होटल, सुकून सिटी व्यू के दस्तावेज और रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा था और उन्होंने नोटिस के लिखित उत्तर के माध्यम से सुकून सिटी व्यू के सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड बैंक स्टेटमेंट के साथ सीजीएसटी विभाग को पहले ही जमा कर दिए हैं.

**जनसभा** किसानों के समर्थन में जमकर गरजे कांग्रेसी, बोले नकुलनाथ

# किसानों की लड़ाई भोपाल से लेकर दिल्ली तक लड़ेंगे

**पांढुरना, 22 दिसंबर. जब किसानों पर कोई मुसीबत आई कांग्रेस हमेशा इनके साथ में खड़ी रहीं. किसानों के लिए कांग्रेस ने आंदोलन किया जब कहीं जाकर छिंदवाड़ा तथा पांढुरना जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिला.**



मक्का फसल के लिए आंदोलन किया तो प्रदेश की इस सरकार ने 14 सौ से लेकर 18 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों से मक्का खरीदी कि है,लेकिन इस भाव से कांग्रेस तथा किसान पूरी तरह संतृष्ठ नहीं है. यह बात नगर के तीन शेर चौक पर किसान जन आक्रोश रैली में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कही. नकुलनाथ द्वारा छिंदवाडा तथा पांढुरना जिलेवासियों को आश्वासन दिया है कि जब तक किसानों की मांग पूरी नहीं होती तब तक कांग्रेस तथा नकुलनाथ किसानों की लड़ाई भोपाल से लेकर दिल्ली तक लड़ेंगे.

उन्होंने कहा कि जब कमलनाथ केंद्रीय कपड़ा मंत्री थे उस समय तो भी कपास के भाव बहुत अच्छे थे,लेकिन आज स्थिति बहुत बुरी है, संतरा उत्पादक किसानों का संतरा देश के कौने-कौने के साथ विदेशों तक बडे आसानी से पहुंच जाए इसलिए कमलनाथ द्वारा यहां पांढुरना में रेलवे की रैक लगाई जाती थी,लेकिन भाजपा सरकार ने यह भी बंद करा दी,जिससे अब किसानों को संतरे के भाव नहीं मिल पा रहे है.

प्रदेश में जब कमलनाथ की सरकार थी तो प्रदेशवासियों को 100 रूपये में 100 यूनिट बिजली मिलती थी,लेकिन आज 5 हॉर्स पावर पर 7 हॉर्स पावर का बिल दिया जा रहा है,और इसके बाद भी पर्याप्त बिजली नहीं दी जा रहीं.

> विधायक नीलेश उईके ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा किसानों को पांच रूपए में बिजली का कनेक्शन देने का वादा किया था, लेकिन ढाई वर्ष से अधिक का समय बीतने के बाद भी आज तक किसानों को पांच रूपए में कोई बिजली का कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है. श्री उइके कहा कि यह लोग सत्ता में इस कदर चूर हो गए है कि इनके कानों में किसानों की आवाज तक सुनाई नहीं दे रहीं है. कमलनाथ,नकुलनाथ हमेशा किसानों तथा जिलेवासियों के सुख दुख में साथ में खड़े है.

# हर बस्ती का मंदिर बनाया जाएगा शक्ति केंद्र

- महंतों-पुजारियों की बैठक में बनी रणनीति

**ग्वालियर, 22 दिसंबर. सामाजिक समरसता और हिंदू एकता का संदेश लेकर सकल हिंदू समाज द्वारा ग्वालियर जिले की 208 बस्तिओं में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे.**




इनके माध्यम से समाज में जाति भेद और छुआछूत को मिटाने तथा हर बस्ती में मंदिरों को 'शक्ति केंद्र' के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया जाएगा. सम्मेलन का शुभारंभ दीनदयाल बस्ती से हो चुका है और यह अभियान 20 जनवरी तक जारी रहेगा।.हिंदुओं को जागृत करने के लिए 141 नगरीय क्षेत्रों एवं 67 ग्रामीण क्षेत्रों की बस्तियों में सम्मेलन होंगे, जिनके लिए पीले चावल देकर प्रत्येक हिंदू परिवार से संपर्क कर अभियान चलाया जा रहा है. साथ ही इन सम्मेलनों का भूमि पूजन एवं जन जागरण प्रभात फेरी तथा संपर्क अभियान शुरू हो गया है. ग्वालियर महानगर के प्रमुख मंदिरों के महंत, पुजारियों और धार्मिक संस्थानों के प्रमुखों ने हाल ही में एक बैठक कर 208 हिंदू सम्मेलनों की रूपरेखा तैयार की. बैठक में प्रमुखरूप से आनन्दपुर ट्रस्ट के अजय सचदेवा, दादाजी धाम के महंत दयालदास आदि मौजूद रहे. वहीं सकल हिंदू समाज आयोजन समिति द्वारा महलगांव बस्ती में हिंदू सम्मेलन 4 जनवरी को दोपहर 3.30 बजे पंत नगर पार्क में आयोजित किया जाएगा. इसी तारतम्य में बस्ती में जन जागरण प्रभात फेरी निकाली जा रही है.

## चेन्नई की चार फ्लाइट निरस्त, जयपुर रूट पर भी असर

**इंदौर.** सोमवार को इंदौर एयरपोर्ट से हैदराबाद और चेन्नई रूट की चार उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिससे बड़ी संख्या में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा. इससे पहले रविवार रात को भी जयपुर से आने जाने वाली उड़ानें रद्द रहीं थीं. लगातार उड़ानें निरस्त होने से यात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक सोमवार सुबह 6.50 बजे हैदराबाद से इंदौर पहुंचने और 7.25 बजे वापस हैदराबाद जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट को कंपनी ने रद्द कर दिया. इसी तरह रात 9.40 बजे चेन्नई से इंदौर आने और 10.10 बजे वापस चेन्नई जाने वाली उड़ान भी निरस्त कर दी गई.